सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-177
07/04/2017

मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक की

पटना, 07 अप्रैल 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री आवास स्थित विमर्श सभाकक्ष में समाज कल्याण विभाग की समीक्षा की बैठक की। बैठक में समाज कल्याण विभाग से जुड़े विभिन्न पहलुओं/बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी।

बैठक में प्रधान सचिव समाज कल्याण श्रीमती वंदना किनी ने समाज कल्याण विभाग के विभिन्न योजनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मुख्यमंत्री के समक्ष दी। बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की विस्तृत रूप में समीक्षा की गयी। पेंशन योजनाओं में हो रहे फिनांनसियल ट्रांजेक्शन (Financial Transaction) पर विशेष चर्चा की गयी। आई0सी0डी0एस0 द्वारा चलायी जा रही टी0एच0आर0 पर विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही फुड सेफ्टि एण्ड न्यूट्रिएन्ट, रियल टाईम मॉनिटरिंग, ऑगनबाड़ी संचालन, ऑगनबाड़ी भवन निर्माण आदि योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। महिला विकास निगम की प्रबंध निदेशक श्रीमती एन0 विजयलक्ष्मी द्वारा महिला विकास निगम के कार्यों से संबंधित पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन दिया गया। प्रेजेंटेशन के दौरान मुख्यमंत्री भिक्षावृति निवारण योजना, बिहार शताब्दी कुष्ठ कल्याण योजना, पुर्नवास गृह, बसेरा (शेल्टर विथ किचेन), वृद्धा आश्रम निर्माण, मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, परवरिश योजना सहित अन्य योजनाओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के सभी कंपोनेंट्स की समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समीक्षा कर बताइये कि कितने लोगों को लाभ हुआ है। इस योजना को और सशक्त बनाना है। मुख्यमंत्री ने विकास आयुक्त को महिला सशक्तिकरण नीति से संबंधित एक बैठक बुलाने को कहा ताकि आगे का एक्शन प्लान बनाया जाय। आज की समीक्षा बैठक में बाल विवाह प्रतिरोध अधिनियम 2006 पर भी चर्चा की गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधा बीमारी के जड़ में बाल विवाह है। उन्होंने बाल विवाह और दहेज प्रथा के विरूद्ध कैम्पेन प्लान करने को कहा। उन्होंने कहा कि ये महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे हैं। चलाये जाने वाले इस कैम्पेन में समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास विभाग को साथ लिया जाय।

बैठक में समाज कल्याण मंत्री श्रीमती कुमारी मंजू वर्मा, विकास आयुक्त श्री शिशिर कुमार सिन्हा, प्रधान सचिव समाज कल्याण श्रीमती वंदना किनी, प्रबंध निदेशक महिला विकास निगम श्रीमती एन0 विजयलक्ष्मी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

*****